आदर्श बाल निकेतन स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

माई झुं.26 जन.। झुंझुनूं प्रगति संघ द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन स्कूल में 65 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बड़ागांव वाले थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम तुलस्यान ने की। विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण हलवाई एंव नेपाल निवासी राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल थे। अतिथियो द्वारा ध्वजारोहण के बाद विद्यालय बैण्ड ने राष्ट्रगान की धुन बजायी एंव बैण्ड प्रर्दशन किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने मनभावक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थितजन का खूब मन मोहा।

इससे पूर्व संस्था सचिव परमेश्वर हलवाई ने स्वागत भाषण देते हुए संस्था की भावी योजनाओं की जानकारी दी। प्राचार्य योगेश कुमार शर्मा ने संस्था के बारे में जानकारी दी एंव सभी का आभार प्रकट किया। अतिथियो के सौजन्य से सभी स्कूली बच्चों के लिए मिठाई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चो को पारितोषिक वितरण किया गया। नेपाल निवासी राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एंव केशरदेव तुलस्यान की और से भी ग्यारह-ग्यारह सौ रु.नगद राशि दो अलग अलग सास्कृतिक प्रस्तुतियो पर ईनाम उपहार स्वरुप दी गयी। अतिथियो का स्वागत मार्ल्यापण के साथ करके उन्हे प्रतीक चिन्ह भेन्ट किये गये। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका अनिता मंहमिया ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती मधु शर्मा, प्रबंध समिति सदस्य डी.एन.तुलस्यान, गीलूराम मोदी, केशरदेव तुलस्यान, लॉयन किशनलाल जांगिड, अशोक तुलस्यान, सुरेन्द्र केडिया, पवन गाड़िया, गोपाल हलवाई एंव गणमान्यजन सहित अन्यजन उपस्थित थे।

फरवरी माह के व्रतोत्सव-2014



पंडित महावीर प्रसाद पारीक,
शास्त्री एम ए, संस्कृत
बीदासर- बिसाऊ
मोबाईल- 9460513758

माई झुं. न्यूज। शुभ माघ शुक्ला द्वितीया शनिवार से फरवरी माह प्रारम्भ हो रहा है इस दिन 15 मुहूर्ति चन्द्रदर्शन व्यापारिक वस्तुओं के भावों में तेजी कारक है। 2 फरवरी को गौरी तृतीया व्रत एवं वरद तिल कुन्द चतुर्थी है जो महिलाएँ महीनों के दोनों पक्षों के चतुर्थी व्रत करती हैं उनके लिये यह चतुर्थी तिलकुन्द व्रत है। इस दिन कुन्द के पुष्पों से शिव पूजा करती है। इसी दिन गौरीव्रत है इस व्रत में भी रान्धपुष्पादि से उमा पार्वती जी का पूजन भी किया जाता है। माघ शुक्ला चतुर्थी 3 फरवरी को काशीवासी दुण्ढिराज का पूजन किया जाता है जिससे सम्पूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं। 4 फरवरी मंगलवार को वसन्त पंचमी अबूझ महूर्त लक्ष्मी सरस्वती पूजन है। इस दिन उत्तम वेदी पर अक्षतों का अष्टदल बनाकर उसके अग्रभाग में गणेशजी और पृष्ठ भाग में वसन्त (गेहूं जो की बालों) के पुञ्ज से बनाकर जलपूर्ण कलश में बालों सहित जौ गहूं की बालों से बनाकर गणेश वसन्त का पूजन करना चाहिये जिससे लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। पीछे जौ पूर्ण कलश से पुञ्ज में रति और कामदेव की पूजा करें यह नव दम्पत्तियों के प्रेम को बढाने वाला व गर्हस्थ जीवन में सुखमय होता है। 7 फरवरी को भीष्माष्टमी भीष्मजी की पूजा का पर्व हे। 8 फरवरी को बुध के पश्चिम में अस्त होने से वस्तुओं के भावों में परिवर्तनीशीलता की प्रवृत्ति रहेगी।

10 फरवरी को जया एकादशी (सबकी) है इसके व्रत से पिशाचत्व मिट जाता है। एक बार इन्द्र की सभा में युवक माल्यवान और युवती पुष्पवती के लज्जाहीन वर्ताव से रूष्ट होकर इन्द्र ने उनको पिशाच बना दिया था, उससे उनको बड़ा दुख हुआ अन्त में उन दोनों ने माघ शुक्ला एकादशी का उपवास किया तब अपनी पूर्वावस्था को प्राप्त हुए।

11 फरवरी को तिल द्वादशी षट तिला के समान ही होती है। भीष्म द्वादशी भी इसी दिन है जिसमें भीष्म पितामह का श्राद्ध कर ब्राह्मणों को भोजन कराये तब एकादशी का पारणम करें।द 12 फरवरी को सूर्य कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। 30 मुहूर्ती संक्रांति से व्यापारिक जिन्सों में सामान्यतया समरूपता रहेगी कुछ मंदी की संभावना हरेगी। चूंकि संक्रांति रात्रि में हो रही है अत: इसका पुण्य काल अगले दिन होगा। इस दिन से 14 फरवरी तक दिन त्रय व्रत किया जाता है। जो महिलाएं 30 दिनों के माघ स्नान करने से असमर्थ होती हैं वे 12 फरवरी से 14 फरवरी माघ पूर्णिमा तक अरूणोदय में स्नान कर लेती है तो उन्हें सम्पूर्ण माघ स्नान का फल प्राप्त हो जाता है। 14 फरवरी को माघी पूर्णिमा सत्यनारायण व्रत चाँद पूर्णिमा व्रत सभी है।

18 फरवरी को सूर्य सायन मीन राशि में आएँगे जिससे बसन्त ऋतु का प्रारम्भ हो जाएगा श्री गणेश चतुर्थी व्रत भी 18 फरवरी को है। 20 फरवरी को शक फाल्गुन मास प्रारम्भ होगा ध्यान रहे हमारे राष्ट्रीय माह संवत शक संवत हैं।

र25 फरवरी को विजया एकादशी मंगलवार को है जो स्मार्तों की है है तथा 26 फरवरी को विजया एकादशी व्रत वैष्णवो की है। अपने अपने अधिकारानुसार यह व्रत करें। 27 फरवरी को महाशिवरात्रि व्रत प्रदोषव्रत दोनों ही है तथा 28 फरवरी को पंचक प्रारम्भ होकर 4 मार्च तक रहेंगे। 1 मार्च को शनैश्चरी अमावस्या रहेगी। शुभम्।।

न्यू राजस्थान में सेमिनार

झुन्झुनूं २७ जनवरी। स्थानीय न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय झुन्झुनू के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता राजकीय नेतराम मघराज टीबडेवाल महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह थे। प्राचार्य डॉ.डी.पी. वर्मा ने छात्राओं में बौद्विक, आत्मिक और नैतिक शक्ति के उत्थान का आह्वान किया। प्रबंध निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने महिलाओं को उच्च शिक्षा के साथ आर्थिक स्तर पर स्वावलम्बी बनने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाग जाखड़ ने मुख्य वक्ता डॉ. सुरेन्द्र सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ. सुमन बुगालिया, रिया बुडानियां, सीमा पुनियां सहित अनेक व्याख्याता मौजूद थे।

श्रीबन्धे का बालाजी मन्दिर में जरूरतमंदों को बांटी कम्बलें

माई झुं.न्यूज । चूरू बाइपास स्थित श्रीबन्धे का बालाजी मन्दिर में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए 31 दिसम्बर को कम्बल वितरण का विशाल कार्यक्रम रखा गया। इसमें समाज के असहाय तबके तथा जरूरतमंद लोगों को दो हजार कम्बलें वितरित की गई। मन्दिर ट्रस्ट के नरेशचन्द्र गाडिया ने बताया कि भामाशाहों के सौजन्य से सर्दी के दौरान मन्दिर में कम्बल वितरण कार्यक्रम रखा जाता है। इसी क्रम में इस बार दो हजार लोगों को कम्बलों से लाभान्वित किया गया।

कम्बल वितरण में मुम्बई के बिलासराय काशीनाथ गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, बिलासराय रामस्वरूप गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, धोलीराम मदनलाल केडिया परिवार, मुम्बई प्रवासी विकास परसरामपुरिया, ओमप्रकाश गाडिया, विनोद लाठ, पूर्णमल गाडिया, रूकमानंद गाडिया, अशोक महनसरिया, कोलकाता के सत्यनारायण अग्रवाल, सूरत प्रवासी

शुभकरण गाडिया, जयपुर के बनवारीलाल गाडिया, झुंझुनूं के सत्यनारायण गाडिया, गीलूराम मोदी आदि का सहयोग रहा। वितरण कार्यक्रम में मन्दिर ट्रस्ट के प्रदीप गाडिया, विजय गाडिया, विनोद टीबडा, सम्पत गाडिया, राजकुमार गौड़, शशिकान्त टिबडा, अनिल केडिया, मुकेश ढेढ़िया, सुरेंद्र राणासरिया, सुधीर टिबडा, संजय जगनानी, सन्दीप टिबडा, श्यामसुन्दर गाडिया, संजय राणासरिया, पवन गाडिया, हरि जांगिड़, कमल केजड़ीवाल, प्रकाश ढेढिया, मनोज व्यास, अतुल गाडिया, रामनिवास सोनी, प्रमोद गाडिया, सुमित गाडिया, नागेश कुमार, अरविन्द व्यास, नवल जांगिड, दिलीप स्वामी, हनुमान सोनी, नीरज पुरोहित, मोहन मिश्रा, राजेन्द्र पाण्डे, अशोक हिसारिया, शंकर पुरोहित, गोपी पारीक, अनिश पुरोहित, निरंजन पुरोहित आदि ने सेवा कार्य किया।

सीए करने वाले विद्यार्थी सीपीटी परीक्षा अब झुंझुनूं में ही दे सकेगें

माई झुं.न्यूज । जिला मुख्यालय के राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन विद्यालय में अब सीए करने वाले विद्यार्थियों की पहली सिढ़ी चढ़ने के लिए सीपीटी की परीक्षा देने के लिए जिले के बाहर नहीं जाना होगा। यह परीक्षा झुंझुनूं प्रगति सघं द्वारा सचांलित आदर्श बाल निकेतन उच्च मा. विद्यालय में विद्यार्थी दे सकेंगे। जानकारी देते हुए सीए एसोसियेशन वेस्ट रिजनल के सदस्य वरिष्ठ सीए सुनिल पाटोदिया ने बताया कि समाज सेवी रामस्वरूप गाडिया मुम्बई प्रवासी व जयपुर के विजय गर्ग सीए के सहयोग से इस कार्य को सफलता मिली है। जिसका जिले के सीए करने वाले सम्पूर्ण विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इससे पहले विद्यार्थियों को सीपीटी परीक्षा के लिए झुंझुनूं से डूंडलोद, सीकर या फिर जयपुर जाना पड़ता था। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सीए सुनिल पाटोदिया आदर्श बाल निकेतन विद्यालय में अवलोकन हेतू आये थे और उन्होंने आश्वासन दिया था कि सीपीटी परीक्षा का सेंटर एबीएन में चालू हो सकेगा और उन्होंने प्रयास करके इस कार्य को अंजाम दिया। पाटोदिया ने बताया कि सीए संस्थान की सेन्ट्रल काऊन्सील ने झुझनूं में सीपीटी सेन्टर को एप्रुव्ड कर दिया है साथ ही उनका प्रयास है कि संस्थान की और से सीए करने वाले विद्यार्थियो को अन्य सुविधाए भी प्राप्त हो सके इस की बात वे पदाधिकारियो से कर रहे है। पाटोदिया व गाडिया के प्रयासों से हुए इस कार्य के लिए स्कूल कार्यकारिणी अध्यक्ष पूर्व राज्यपाल जस्टिस नवरंगलाल टिबडेवाल, सचिव परमेश्वर हलवाई, कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिनेशचन्द्र अग्रवाल, सदस्य हरिश तुलस्यान, प्रो.अतुल गर्ग, केशरदेव तुलस्यान, ताराचन्द गुप्ता, गीलुराम मोदी, सीए मनीष अग्रवाल, सीए पवन केडिया, सीए अश्वनी अग्रवाल, एडवोकेट श्रवण केजडीवाल एंव डी.एन.तुलस्यान, स्कूल प्राचार्य योगेश शर्मा एंव प्राचार्या श्रीमती मधु शर्मा सहित शहर के गणमान्य लोगों, शिक्षाविदों व शिक्षण संस्थाओं के विभिन्न पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए इसे सराहनीय कार्य बताया है। विदित है कि पाटोदिया झुंझनूं के ही वरिष्ठ समाजसेवी चौथमल पाटोदिया के सुपुत्र है तथा झुंझनूं विकास में इनका अनुकरणीय सहयोग विभिन्न संस्थाओ के माध्यम से दिया जाता रहा है।

विज़्डम सिटी में मनाया गया गणतंत्र-दिवस

माई झुं.न्यूज। झुंझुनूं इन्टरनेशनल विज़्डम सिटी स्थित जीवेम् समूह की इकाई झुंझुनूं एकेडमी (सीबीएसई) स्कूल में आज 65वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीवेम् इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड प्लानिंग डायरेक्टर आकाश मोदी, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, ज्ञानकुटीर सीईओ श्यामसुन्दर शर्मा एवं प्रशासक रोहिताश्व पूनियां ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद द्वारा शानदार सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अतिथि आकाश मोदी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणात्मक बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी एवं अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान ही मात्र शिक्षा नहीं होती।

मिलिट्री स्कूल परिणाम 2014 में रवि इण्डियन स्कूल के छात्र अव्वल

माई झुं.न्यूज। अखिल भारतीय राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का परिणाम घोषित होने पर रवि इण्डियन पब्लिक स्कूल में खुशी का माहौल बना हुआ है। सह निदेषक राकेष जाखड व सचिव रवि कुमार ने बताया कि पिछले 25 वर्षो से यह विद्यालय इस परिणाम में पूरे भारत में अव्वल रहा है और। प्राचार्य एवं कोचिंग प्रभारी अजय सोमरा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 6 के कुल चयनित 413 छात्रों में से हमारे विद्यालय के 104 छात्रों का चयन हुआ है जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। संस्था प्रधानाध्यापक सुभाशचन्द्र ने बताया कि यह सब संस्था के स्टाफकी कडी मेहनत का फल है। संस्था निदेषक नरेन्द्र कुमार खींचड ने चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कोआर्डिनेटर प्रभारी श्रीकांत सारस्वत, शुभकरण, भगवानसिंह, सत्यवीर, ओमवीर, बलबीर, रविन्द्र, नेमीचन्द, प्रेमसिंह, रामनिवास भड़िया आदि उपस्थित रहे।

With Best Compliments From-
Sajjan Goyanka
TEXPORT INDUSTRIES PVT.LTD.
MFR. & EXPORTER OF READYMADE GARMENTS
88, STREET- 15, M.I.D.C.
ANDHERI - (E)
MUMBAI - 400 093 (MS.)
TEL.:022-30882000,30882001
Email - major@texportgarments.com
www.texportgarment.com